हम श्याम दीवाने है सब मिलकर गाएंगे

हम श्याम दीवाने है,
सब मिलकर गाएंगे,
लीले वाले के दर पे,
हम झूम के जाएंगे,
हम श्याम दीवाने हैं.........।

दर पर पहुँच कर के,
ना देर लगाएंगे,
भर देगा श्याम झोली,
ऐसी अर्ज़ लगाएंगे,
लेकर दरबार की माटी,
माथे से लगाएंगे,
लेकर दरबार की माटी,
माथे से लगाएंगे,
लीले वाले के दर पे,
हम झूम के जाएंगे.........।

मेरा श्याम बड़ा दानी,
कलियुग का है राजा,
गर हारा दुनियाँ से,
एक बार तू दर आजा,
मत सोच तू पगले बन्दे,
सब दुःख टल जायेंगे,
लीले वाले के दर पे,
हम झूम के जाएंगे.........।

फागुन के मेले में,
फिर से मिलना होगा,
मेरी झोली खुशियों से,
बाबा भरना होगा,
एक आस लगा बैठा हूँ,
रस्ते खुल जाएंगे,
लीले वाले के दर पे,
हम झूम के जाएंगे.........।

हम श्याम दीवाने है,
सब मिलकर गाएंगे,
लीले वाले के दर पे,
हम झूम के जाएंगे,
हम श्याम दीवाने हैं........।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23311/title/hum-shyam-deewane-hai-sab-milkar-gayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |